रौल नं०......................................नाम.............................................

XII-52 अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2023–24 ई० A

# शिक्षाशास्त्र (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3.15 घण्टा कक्षा – 12 पूर्णांक – 100

नोट :– (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. निम्नलिखित प्रश्न–खण्डों में प्रत्येक के चार–चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं। सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए:–

(क) 'उपनयन' शिक्षा संस्कार किस काल में होता था :– 1

(अ) वैदिक काल (ब) बौद्ध काल

(स) मुस्लिम काल (द) ब्रिटिश काल।

(ख) बनारस में 'सेन्ट्रल हिन्दू कॉलेज' की स्थापना किसने की थी :– 1

(अ) रवीन्द्रनाथ टैगोर ने (ब) महात्मा गाँधी ने

(स) एनी बेसेण्ट ने (द) श्री अरबिन्दो ने।

(ग) 'ध्वनि प्रदूषण' निम्न में से किस संवेदी अंग से सम्बन्धित है :– 1

(अ) नाक (ब) कान

(स) जिह्वा (द) इनमें से कोई नहीं।

(घ) मैकडुगल के अनुसार, मूल प्रवृतियों की संख्या कितनी है :– 1

(अ) 10 (ब) 14

(स) 8 (द) 12

(ङ) भूख और प्यास कैसे प्रेरक हैं :– 1

(अ) व्यक्तिगत (ब) सामाजिक

(स) जन्मजात (द) अर्जित।

## (निश्चित उत्तरीय प्रश्न)

2. वैदिककालीन शिक्षा के उद्देश्य बताइए। 1
3. मुस्लिम शिक्षा कितने स्तरों में विभाजित थी? 1
4. 'राष्ट्रीय महिला शिक्षा परिषद्' की स्थापना कब की गई? 1
5. प्रेरणायुक्त व्यवहार का मुख्य लक्षण क्या होता है? 1
6. मूर्त पुरस्कार किसे कहते हैं? तीन उदाहरण दीजिए। 1

## (अतिलघु उत्तरीय प्रश्न– उत्तर सीमा 25 शब्द)

7. प्राचीन भारतीय शिक्षा की दो असफलताओं पर प्रकाश डालिये। 4

(पृष्ठ पलटिए)

8. भारतीय शिक्षा–व्यवस्था में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लॉर्ड मैकाले का तटस्थ मूल्यांकन कीजिए। 4

9. स्त्री–शिक्षा के विषय में टैगोर के विचारों का उल्लेख कीजिए। 4

10. अभिप्रेरणा की शैक्षिक उपयोगिता क्या है? 4

11. "रूचि और योग्यता का घनिष्ठ सम्बन्ध है।" इस कथन पर प्रकाश डालिए। 4

12. मानसिक अस्वस्थता के क्या कारण हैं? 4

(लघु उत्तरीय प्रश्न– उत्तर सीमा 50 शब्द)

13. बौद्धकाल में शिक्षण विधियों पर प्रकाश डालिये। 6

14. नवोदय विद्यालय का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 6

15. शिक्षा के क्षेत्र में एमी बेसेण्ट के योगदान का उल्लेख कीजिए। 6

16. पर्यावरण शिक्षा के क्या उद्देश्य हैं? 6

17. सीखना किसे कहते हैं? 6

18. पुरस्कार का अर्थ स्पष्ट कीजिए। पुरस्कार देने के उद्देश्यों का वर्णन कीजिए। 6

(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न– उत्तर सीमा 150 शब्द)

19. प्राचीन व मध्यकालीन शैक्षिक विशेषताओं की तुलना निम्न बिन्दुओं के आधार पर कीजिए :– 10

(अ) शिक्षा के उद्देश्य (ब) पाठ्यक्रम (स) शिक्षा के केन्द्र।

अथवा

पण्डित मदनमोहन मालवीय जी के अनुसार शिक्षा के अर्थ, उद्देश्यों तथा विभिन्न प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

20. गाँधी के शैक्षिक विचारों पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

प्रेरणा क्या है? सीखने के लिये प्रेरणा आवश्यक है। इस कथन की पुष्टि कीजिए।

21. किसी बालक को पुरस्कार अथवा दण्ड देते समय आपके अनुसार, विचारणीय बातें क्या हो सकती हैं और क्यों? 10

अथवा

मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान का अर्थ स्पष्ट कीजिए तथा इसके कार्यों का वर्णन कीजिए।